श्री नीतीश मिश्रा, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०–18/2/7 का उत्तर प्रतिवेदन

| प्रश्न | उत्तर प्रतिवेदन |
| --- | --- |
| क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:–<br>(i) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल–1 झंझारपुर के अंतर्गत विदेश्वर स्थान उपशाखा में रैयाम पूर्वी ग्राम पंचायत के लक्ष्मीपुर गाँव के निकट नहर विन्दू 77.50 पर एक पथीय सेतु का निर्माण नहीं होने से नहर के पश्चिमी भाग में 300 एकड़ में लगी फसल को खलिहान एवं बाजार तक पहुँचाने में कठिनाइ होती है;<br>(ii) क्या यह बात सही है कि अधीक्षण अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर अंचल, मधुबनी पत्रांक 64 दिनांक 19.01.2023 के माध्यम से मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन एवं जल संसाधन विभाग दरभंगा को प्रासंगिक प्रतिवेदन भी उपलब्ध करा दिया गया था; परन्तु 3 वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण लंबित है;<br>(iii) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकरात्मक है तो क्या सरकार उक्त स्थान पर एक पथीय सेतु का निर्माण कराने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ? | वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत स्थल मधुबनी जिलान्तर्गत उग्रनाथ शाखा नहर के कि0मी0 3.44 बाँये से निकलने वाली विदेश्वर स्थान उपशाखा नहर का वि०दू० 77.50 (23.62 कि०मी०) है।<br>प्रश्नगत स्थल के अपस्ट्रीम में 23.10 कि०मी० पर तथा डाउनस्ट्रीम में 24.29 कि०मी० पर पूर्व से एकपथीय पूल निर्मित है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों एवं वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो रहा है।<br>विभागीय मापदंड के अनुसार 150 से 1000 धनसेक के जलश्राव वाली नहर पर दो पूलों के बीच की न्यूनतम दूरी 1.6 कि०मी० होता है। प्रस्तावित स्थल पर दो पूलों के बीच की दूरी 1.6 कि0मी0 से कम रहने के कारण नये एकपथीय सेतु का निर्माण तकनीकी रूप से अनुमान्य नहीं है। |

# बिहार सरकार
## जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(द0)–05–01 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 7 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(द0)–05–01 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(द0)–05–01 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(द0)–05–01 / 2026– 1382 पटना, दिनांक– 23/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
20.3.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo